दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 09 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 496



## संक्षिप्त खबरें ।

### ट्रंप ने हमास को दी इजरायल से भी ज्यादा खतरनाक धमकी, बंधकों को नहीं छोड़ा तो टूटेगा कहर



**लोक तंत्र की आवाज़**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को इजरायल से भी ज्यादा भयानक चेतावनी दे डाली है। ट्रंप ने कहा कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को अगर उनके शपथ ग्रहण तक रिहा नहीं किया गया तो पश्चिम एशिया पर कहर टूटेगा। ट्रंप ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि यदि बंधक बनाए गए लोगों को रिहा नहीं किया गया तो वह क्या कार्रवाई करेंगे। बता दें कि हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला करके बड़ी संख्या में लोगों को बंधक बना लिया था। जबकि इस दौरान 1200 से ज्यादा इजरायली मारे गए थे। अधिकारियों का कहना है कि अब भी लगभग 100 लोग हमास के कब्जे हैं, जिनमें कुछ अमेरिकी नागरिक भी हैं। अधिकारियों का यह भी मानना है कि बंधक बनाए गए लोगों में से कई की अब तक मौत हो गई होगी। ट्रंप ने फ्लोरिडा के मार–ए–लागो में संवाददाताओं से कहा, '' अगर बंधक वापस नहीं आए तो सब कुछ बिगड़ जाएगा। मैं आपकी बातचीत को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता, अगर वे मेरे पदभार ग्रहण करने तक वापस नहीं आए तो पश्चिम एशिया में सब कुछ बिगड़ जाएगा।'' वह अमेरिकी बंधकों की रिहाई पर हमास के साथ वार्ता की स्थिति पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। ट्रंप ने हमास को 20 जनवरी तक सभी बंधकों को रिहा करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा, '' यह हमास के लिए अच्छा नहीं होगा और सच कहूं तो यह किसी के लिए भी अच्छा नहीं होगा। सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। मुझे और कुछ कहने की ज़रूरत नहीं है लेकिन ऐसा ही है। उन्हें बहुत पहले ही बंधकों को रिहा कर देना चाहिए था। सात अक्टूबर जैसा हमला कभी नहीं होना चाहिए था।

# नीतीश ने लोगों का जीवन बरबाद कर दिया, गरीबी-बेरोजगारी और पलायन में बिहार को बना दिया अव्वल : तेजस्वी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** पूर्व डिप्टी सीएम और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'प्रगति यात्रा' पर जोरदार निशाना साधा। तेजस्वी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक कार्टून पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, ₹थके हुए मुख्यमंत्री ने रिटायर्ड अधिकारियों के साथ मिलकर बिहार के युवाओं की आशाओं को निराशाओं में बदल दिया है। विज्ञापनों के माध्यम से सैंकड़ों करोड़ झूठे प्रचार में फूंक रहे है। बिहारियों के जीवन को आबाद करने की बजाय उसे बर्बाद कर दिया है। बिहार की प्रगति को दुर्गति की अग्नि में झोंक दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि बेसुध सरकार और उसके मुखिया के नेतृत्व में एक बरसात में ही सैंकड़ों पुल–पुलिया ढह जाते है। दो दशक से हर प्रकार की परीक्षाएं पेपर लीक और धांधली की भेंट चढ़ाई जा रही है। महंगाई हर घर–हर परिवार को खा रही है। छोटे बड़े व्यवसायों का व्यवसाय बर्बादी के कगार पर है। इनके शासन में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पलायन में बिहार अव्वल है। गौरतलब है कि तेजस्वी यादव लगातार नीतीश सरकार पर हमलावर रहते हैं। हाल ही में उन्होंने बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर एनडीए सरकार पर निशाना साधा था। एक ट्वीट में तेजस्वी ने लिखा कि बेगूसराय में युवक की हत्या, मधेपुरा में किसान की गोली मार हत्या, कटिहार के कोढा में युवक की गोली मार हत्या, मुंगेर के रामनगर में हत्या और सुपौल के नरहिया में युवक की हत्या सहित अन्य अपराध की घटनाओं को लेकर नीतीश सरकार से सवाल पूछे।

बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर तेजस्वी यादव पूरी तरह से मैदान में हो चुके हैं। चुनाव की घोषणा से पूर्व उन्होंने बिहार में ₹माई बहिन मान योजना₹ की घोषणा कर दी है। तेजस्वी ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर ₹माई बहिन मान योजना₹ की शुरुआत होगी जिसमें बिहार की महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये मिलेंगे।

## क्या चक्रव्यूह में फंस गए हैं प्रशांत किशोर? जेडीयू ने पीके पर किया बड़ा खुलासा



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं. बीते 2 दिनों से प्रशांत किशोर ने बिहार की सियासत में हलचल पैदा कर रखी है. फिलहाल तबीयत बिगड़ने के बाद प्रशांत किशोर अस्पताल में भर्ती हैं. वहीं सियासी गलियारे में ऐसी चर्चा है कि प्रशांत किशोर न सिर्फ नीतीश सरकार के लिए चुनौती बन रहे हैं बल्कि वह तेजस्वी यादव के लिए मुसीबत खड़ी कर रहे हैं. इसी बीच जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने प्रशांत किशोर को लेकर बड़ा खुलासा किया है. नीरज कुमार ने कहा कि प्रशांत किशोर अपने चक्रव्यूह में खुद फंस गए हैं।

नीरज कुमार ने प्रशांत किशोर पर हमला करते हुए कहा कि प्रशांत किशोर ने वैनिटी वैन के रजिस्ट्रेशन में बड़ी गड़बड़ी की है. वहीं वैनिटी वैन की खरीद में कई अन्य झोलझाल पाया गया है. नीरज कुमार ने प्रशांत किशोर की जमानत को लेकर भी बड़ा खुलासा किया है. नीरज कुमार ने कहा कि प्रशांत किशोर कहते हैं कि उनको पुलिस बेउर जेल लेकर गयी थी. लेकिन, वह बेउर जेल नहीं बेउर थाने में गए थे. वहीं प्रशांत किशोर ने निजी मुचलके पर बेल लिया है. नीरज कुमार ने कहा कि प्रशांत किशोर ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए सब ड्रामा किया है।

बता दें, प्रशांत किशोर की तबीयत खराब है और अभी भी वह मेदांता अस्पताल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं. डॉक्टरों के अनुसार प्रशांत किशोर की तबीयत फिलहाल स्थिर है लेकिन उन्हें कुछ परेशानी की वजह से आईसीयू में रखा गया है. बताया जा रहा है कि अभी भी प्रशांत किशोर आईसीयू में है और अपना अनशन न तोड़ने के लिए अटल हैं.

जनसुराज के नेताओं ने प्रशांत किशोर से किए अनशन तोड़ने के लिए आग्रह किया है. लेकिन, प्रशांत किशोर निर्णय बदलने के लिए तैयार नहीं है. दरअसल बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग को लेकर प्रशांत किशोर पिछले 6 दिनों से अनशन पर हैं।

## बांग्लादेश : न हसीना न जिया, उथल पुथल के दौर में देश से बाहर दो पूर्व प्रधानमंत्री, क्या हैं इनके मायने

**लोक तंत्र की आवाज़**



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया मंगलवार को इलाज के लिए लिए लंदन रवाना हो गईं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का कहना है कि उनकी नेता की यात्रा मेडिकल कारणों से हो रही है और इसके राजनीतिक मायने नहीं निकाले जाए। हालांकि राजनीतिक उथल पुथल के दौर में जिया की विदेश यात्रा कई सवाल खड़ी करती है। सबसे अहम बात यह है कि देश की राजनीति पर कई दशकों तक हावी रहीं दो शीर्ष नेता अब विदेश में है।

पूर्व पीएम और आवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना को पिछले साल अगस्त में छात्र आंदोलन से उभरे आक्रोश के बाद सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा था।इसके बाद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया जो फिलहाल देश का सत्ता संभाल रही है।जिया को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन के दौरान भ्रष्टाचार के दो मामलों के कारण 17 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। भ्रष्टाचार के ये दोनों कथित मामले उस वक्त के थे जब जिया 2001–2006 के दौरान प्रधानमंत्री थीं। उनके समर्थकों का दावा है कि आरोप राजनीति से प्रेरित थे, हालांकि हसीना सरकार इससे इनकार करती आई।यूनुस के शासन में, जिया को नवंबर में एक मामले में बरी कर दिया गया था, और दूसरे मामले की अपील पर मंगलवार को सुनवाई हो रही थी।

अंतरिम सरकार इस वर्ष दिसंबर में या 2026 की पहली छमाही में चुनाव कराने की योजना बना रही है। जिया और हसीना के देश में नहीं होने का सबसे अधिक असर उनकी पार्टियों की चुनावी तैयारियों पर पड़ेगा। निकट भविष्य में शेख हसीना की वतन वापसी मुश्किल दिख रही है। वहीं खालिदा जिया की वापसी देश की राजनीति में बड़ा उल्टफेर ला सकती हैं लेकिन सबकुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि वह कब स्वदेश लौटती हैं।ऐसा माना जाता है कियुनूस सरकार खालिदा जिया और उनकी पार्टी के प्रति नरम रुख अपना रही है। बीएनपी पारंपरिक रूप से पाकिस्तान समर्थक रही है। उसे आवामी लीग के मुकाबले अधिक सांप्रदायिक विचारधारा वाली पार्टी माना जाता रहा है। यूनुस सरकार भी इस्लामाबाद के साथ लगातार संबंध सुधारने में लगी है।अंतरिम सरकार के वजूद में आने के बाद से देश में कट्टरवादी ताकतों को मजबूती मिली है। अल्पसंख्यक समुदायों और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है।

## चुनाव आयोग में ही गड़बड़ी, ईवीएम का बचाव करने पर राजीव कुमार पर भड़के संजय राउत

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाए हैं. संजय राउत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पूरी दुनिया कहती है कि ईवीएम में गड़बड़ी है. चुनाव आयोग कहता है कि इसमें कोई गड़बड़ी नहीं है. उन्होंने कहा कि हमें तो लगता है कि आयोग में ही सारी गड़बड़ी है. मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम लेते हुए संजय राउत ने कहा कि राजीव कुमार रिटायर होंगे, इसके बाद भी उनके पास बढ़िया काम रहेगा।

रिटायरमेंट के बाद मोदी–शाह उन्हें किसी राज्य का राज्यपाल बना देंगे. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में ईवीएम में गड़बड़ी हुई है. चुनाव आयोग को गांवों में जाकर बैठना चाहिए, तभी उन्हें ईवीएम और बैलेट पेपर की सच्चाई उन्हें वाकई में समझ आएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने लोकतंत्र का अपहरण कर लिया है. हजारों नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए. चुनाव आयोग अब बीजेपी के 'ताट के नीचे बैठा बिल्ली' बन गया है. दिल्ली विधानसभा चुनाव के तिथियों के ऐलान के समय उन सभी सवालों का जवाब दिया, जिसके लेकर इलेक्शन कमीशन पर सवाल उठाए जा रहे थे. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव में वोट देने वाले किसी वोटर का नाम किसी भी तरीके से हटाया ही नहीं सकता है।

### शक का इलाज तो हकिम लुकमान के पास भी नहीं

उन्होंने कहा कि अगर फॉर्म साथ में न हो. यहां तक कि अगर किसी की मौत हो गई हो तो उसका रिकॉर्ड भी इलेक्शन कमीशन की तरफ से रखा जाता है. इसके लिए सभी मृतकों के डेथ सर्टिफिकेट को रिकॉर्ड में रखा जाता है। उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद भी किसी का नाम गलती से हट जाता है तो हमारी तरफ से उसे नोटिस भेजा जाता है. मुख्य चुनाव आयुक्त ने एक शायरी के जरिए कहा कि आरोपों और इल्जामातों का दौर चले कोई गिला नही, हर परिणाम में प्रमाण देते है, शक का इलाज तो हकिम लुकमान के पास भी नहीं है।

## अदाणी के खिलाफ जांच मामले में भारतीय-अमेरिकी सांसद ने बाइडेन प्रशासन को दी चुनौती

**लोक तंत्र की आवाज़**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय अरबपति गौतम अदाणी की गतिविधियों की जांच करने के बाइडेन प्रशासन के फैसले को एक भारतीय–अमेरिकी सांसद ने चुनौती दे डाली है। एक प्रभावशाली रिपब्लिकन सांसद ने कहा है कि इस तरह की चुनिंदा कार्रवाइयों से प्रमुख भागीदारों के साथ महत्वपूर्ण गठबंधनों को नुकसान पहुंच सकता है। सदन न्यायपालिका समिति के सदस्य सांसद लैंस गुडेन ने अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक बी गारलैंड को लिखे एक कड़े शब्दों वाले पत्र में पूछा कि ₹यदि भारत प्रत्यर्पण अनुरोध का पालन करने से इनकार कर देता है तो अमेरिका क्या करेगा।

गुडेन ने न्याय विभाग द्वारा विदेशी इकाइयों के विरुद्ध 'चयनित अभियोजन' के बारे में भी जवाब मांगा। उन्होंने इस तरह की कार्रवाइयों से अमेरिका के वैश्विक गठबंधनों और आर्थिक वृद्धि को होने वाले संभावित नुकसान के बारे में भी पूछा। उन्होंने पत्र में यह भी पूछा कि क्या इसका जॉर्ज सोरोस से कोई संबंध है। गुडेन ने सात जनवरी को अपने पत्र में लिखा, ₹न्याय विभाग की 'चयनित कार्रवाइयों' से एशिया–प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के सबसे मजबूत सहयोगियों में से एक भारत जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ महत्वपूर्ण गठबंधनों को नुकसान पहुंचने का खतरा है।

**अफवाहों पर ध्यान के बजाय अमेरिका में बुरे लोगों को करें दंडितः** सांसद ने कहा, कमजोर अधिकार क्षेत्र और अमेरिकी हितों से सीमित प्रासंगिकता वाले मामलों को आगे बढ़ाने के बजाय, न्याय विभाग को



विदेशों में अफवाहों का पीछा करने के बजाय, घरेलू स्तर पर बुरे लोगों को दंडित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।₹ पांच बार के रिपब्लिकन सांसद ने कहा कि अरबों डॉलर का निवेश करने वाली और अमेरिकियों के लिए हजारों नौकरियां पैदा करने वाली इकाइयों को निशाना बनाना लंबे समय में अमेरिका को ही नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा, ₹जब हम हिंसक अपराध, आर्थिक जासूसी और सीसीपी प्रभाव से उत्पन्न वास्तविक खतरों को नजरअंदाज कर देते हैं और उन लोगों पर हमला करते हैं जो हमारे आर्थिक वृद्धि में योगदान करते हैं, तो यह उन मूल्यवान नए निवेशकों को हतोत्साहित करता है जो हमारे देश में निवेश करने के लिए आशान्वित हैं।

### अमेरिका को हो सकता है नुकसान

गुडेन ने कहा, "निवेशकों के लिए अनचाहे और राजनीतिक रूप से आवेशित माहौल केवल अमेरिका के औद्योगिक आधार और आर्थिक वृद्धि को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को अवरुद्ध करेगा, तथा बढ़ते निवेश के साथ अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की राष्ट्रपति ट्रंप की प्रतिबद्धता को सीधे तौर पर कमजोर करेगा।" उन्होंने कहा, "चूंकि इन निर्णयों का समय बाइडेन प्रशासन के अंत के समय है, इसलिए चिंताएं पैदा होती हैं कि यहां एकमात्र सच्चा लक्ष्य राष्ट्रपति ट्रंप के लिए व्यवधान पैदा करना है। गुडेन ने 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से दो सप्ताह पहले पत्र में यह बात कही। उन्होंने कहा, "मैं न्याय विभाग (डीओजे) द्वारा हाल ही में विदेशी इकाइयों के खिलाफ मामलों की चयनित कार्रवाई के बारे में पूछताछ करने के लिए लिख रहा हूं।

## नायडू-नीतीश दोनों चले जाएं अब फर्क नही पड़ेगा! इस बड़े दल को एनडीए में लाने जा रही बीजेपी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** केंद्र के सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एन डी ए में एक नए दल की एंट्री होने वाली है। दावा किया जा रहा है कि इस दल के एनडीए में शामिल होने के बाद बीजेपी की जेडीयू और टीडीपी पर निर्भरता कम हो जाएगी। नरेंद्र मोदी सरकार और बीजेपी के अंदर से यह डर भी खत्म हो जाएगा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार पलटी मार सकते हैं या फिर चंद्रबाबू नायडू विपक्ष से जाकर मिल सकते हैं।

**कौन है यह दलः** बता दें कि जिस बड़े राजनीतिक दल के एनडीए में शामिल होने की चर्चा हो रही है, उसका नाम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी– शरद चंद्र पवार है। चर्चा है कि एनसीपी अजित गुट और एनसीपी शरद गुट अब एक हो सकता है। दावा किया जा रहा है कि एक बहुत बड़ा उद्योगपति एनसीपी के दोनों गुटों को एक करने की कोशिश कर रहा है।

इसके अलावा उप–मुख्यमंत्री अजित पवार खुद भी चाहते हैं कि चाचा शरद पवार वाली पार्टी उनके साथ आ जाए और एनसीपी पहले की तरह एक हो जाए। मालूम को 2023 में अजित पवार 40 से ज्यादा विधायकों के साथ चाचा शरद पवार का साथ छोड़कर एनडीए में शामिल हो गए थे।

## प्यारी दीदी' के बाद दिल्ली चुनाव को लेकर कांग्रेस की दूसरी गारंटी, लॉन्च की 'जीवन रक्षा योजना', 25 लाख का हेल्थ बीमा का वादा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में अगले महीने होने जा रहे चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियाँ एक–एक करके चुनावी घोषणाएँ कर रही हैं. इसी कड़ी में कांग्रेस ने दिल्ली चुनाव को लेकर 'प्यारी दीदी योजना' के बाद अपनी दूसरी गारंटी, 'जीवन रक्षा योजना' लॉन्च की है. इस योजना के तहत दिल्ली वालों से 25 लाख रुपये का हेल्थ बीमा देने का वादा किया गया है।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस योजना के बारे में बताया कि 'जीवन रक्षा योजना' राजस्थान की चिरंजीवी योजना की तरह ही काम करेगी. उन्होंने कहा, ₹हमने राजस्थान में 'राइट टू हेल्थ' एक्ट बनाया था, जिसमें जनता को स्वास्थ्य का अधिकार दिया गया और सभी अस्पतालों में इस एक्ट को लागू किया गया. राजस्थान में यह एक क्रांतिकारी योजना रही. खुशी है कि मुझे जीवन रक्षा योजना लॉन्च करने के लिए यहां बुलाया गया. उन्होंने आगे कहा कि जीवन रक्षा योजना दिल्ली के लिए एक गेमचेंजर स्कीम होगी और इसकी जानकारी हमें जनता तक पहुंचानी होगी। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि दिल्ली कांग्रेस ने 'जीवन रक्षा योजना' को अपने मेनिफेस्टो में शामिल करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।

हमने राजस्थान में भी ऐसी ही योजना शुरू की थी, जिसमें प्रदेश के लोगों को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया जाता है. उस योजना की खासियत यह रही कि यह सभी के लिए थी, उसमें किसी के लिए कोई बाध्यता नहीं थी।

**इससे पहले कांग्रेस ने लॉन्च की थी 'प्यारी दीदी योजनाः** कांग्रेस ने इससे पहले 6 जनवरी (सोमवार) को प्यारी दीदी योजना का ऐलान किया जिसके तहत पार्टी के सत्ता में आने पर राजधानी दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की वित्तीय मदद देने का वादा किया है। देश की राजधानी दिल्ली में एक ही चरण में 5 फरवरी को ७० विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे. चुनाव आयोग ने एक दिन पहले ही दिल्ली के

## संभल मंदिर-मस्जिद विवाद में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, जिला अदालत की सुनवाई पर लगाई रोक

**लोक तंत्र की आवाज़**



**इलाहाबाद।** उत्तर प्रदेश स्थित संभल के मंदिर मस्जिद विवाद को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के सुनवाई पर रोक लगाई है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी को हाईकोर्ट करेगा। संभल की शाही जामा मस्जिद की इंतजामियां कमेटी की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह स्टे लगाया है। बुधवार को इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने की थी।

**इंतजामिया कमेटी ने दाखिल की थी याचिकाः** संभल की जाना मस्जिद को लेकर इंतजामिया कमेटी के ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। इसमें निचली अदालत में सुनवाई पर रोक की मांग की गई थी। संभल की जिला अदालत में 19 नवंबर को हरिशंकर जैन व अन्य की तरफ से मुकदमा दाखिल किया गया था। इस याचिका में शाही जामा मस्जिद के स्थान को पूर्व में मंदिर होना बताया गया था। इस मामले में जिला अदालत ने सर्वे का आदेश दिया था। इसकी सर्वे रिपोर्ट निचली अदालत में दाखिल की जा चुकी है।

**संभल सर्वे रिपोर्ट में क्या सामने आया? :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सर्वे रिपोर्ट में हिंदू धर्म से जुड़े 50 से ज्यादा फूल के निशानों का जिक्रहुआ है। इसके अलावा दो बरगद के पेड़ भी मिले हैं, मस्जिद में कुआं होने की संभावना भी जता दी गई है। अब यह सारे प्रमाण क्योंकि हिंदू धर्म से जुड़े हुए हैं, इसी वजह से कहा गया है कि इस मस्जिद से पहले यहां एक मंदिर हुआ करता था। सर्वे में यह बात भी सामने आई है कि पुराने ढांचे को बदला गया है। इसके अलावा नए कंस्ट्रक्शन के कुछ सबूत भी मिल गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**कौआकोल(नवादा)।** कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां पंचायत अंतर्गत नेढिला गांव में एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेढिला गांव निवासी द्वारिका राय की 40 वर्षीय पत्नी नुनबतिया देवी की मौत विषैले सांप से काट लेने से हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर कायम हो गया। मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### पुलिस ने एक बाइक पर लदा 40 लीटर में हुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

परना डाबर पुलिस में परना डाबर गांव के रोड से 40 लीटर महुआ शराब के साथ एक बाइक सवार धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल चोरी का बताया गया है। एवं गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान थाना क्षेत्र के रामरायचक गांव निवासी सुरेश चौधरी के पुत्र विजय चौधरी बताया गया है। जिसके विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नवादा : 24 घंटे के अंदर 28 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी: एसपी



**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान ने बताया कि 07 जनवरी 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, लूट में 04, मद्य निषेध में 03 एवं अन्य गिरफ्तारी 21 कुल 28 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 185 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 126 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 02 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 509 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 49 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 01 एवं अपहृता 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# वारिसलीगंज : मारपीट में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत, सड़क जाम

**लोकतंत्र की आवाज**



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत सिमरी बिगहा के ढिमरापर दो जनवरी को घटित मारपीट की घटना में जख्मी युवक की मौत इलाज के दौरान सोमवार की रात्रि पटना में हो गई है।मंगलवार को शव गांव पहुंचते ही आक्रोशित परिजनों तथा ग्रामीणों ने शव को एसएच-83 वारिसलीगंज बाईपास स्थित आरओबी के समक्ष सड़क पर रखकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया।सड़क जाम कर रहे लोगों ने मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा के अलावा पुलिस अधीक्षक को जाम स्थल पर आने की मांग पर अड़े थे। जानकारी के अनुसार 2 जनवरी की सुबह भैस का दूध निकाल रहे सिमरी बिगहा के टोला ढिमरापर ग्रामीण स्व परमेश्वर यादव का 40 वर्षीय पुत्र सुनील यादव को गांव के ही कुछ युवकों द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिया गया था।जख्मी को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार बाद विम्स पावापुरी रेफर कर दिया था।लेकिल जख्मी की स्थिति गंभरी देखते हुए स्वजनों ने बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित किसी निजी नर्सिंग होम में भर्ती करवाया था,जहां इलाज के क्रम में युवक की मौत हो गई।इस बीच 3 जनवरी को जख्मी की पत्नी नीलम देवी के आवेदन पर मुहल्ले के 8 लोगों विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने घटना के दिन ही मृतक सुनील समेत चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाया था। मंगलवार की दोपहर बाद सुनील का शव सिमरी ढीमरा गांव लाया गया,शव पहुंचने के उपरांत मुहल्ले के युवकों ने शव को सड़क पर रखकर उचित मुआवजा की मांग करते हुए जाम स्थल पर पुलिस अधीक्षक के आने की मांग पर अड़े थे।शाम तक सड़क जाम था,जबकि मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह,विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह तथा भाजपा नेता संजय कुमार मंगल समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावा सीओ,बीडीओ एवं पुलिस अधिकारी ससस्त्र बलों ने सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने-बुझाने में जुटे थे।केकरा भरोसे हम जियवौ हो रजवा, के हमर बेटवा के पढ़ावत हो रजवा का विलाप से माहौल हुआ गमगीन वारिसलीगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या-15 स्थित सिमरी बिगहा के ढिमरापर मुहल्ला निवासी 40 वर्षीय सुनील यादव की मौत से आहत पत्नी नीलम देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।पति की मौत बाद अपने छोटे-छोटे बच्चों के भरण पोषण एवं पढ़ाई-लिखाई को लेकर चिंतित महिला पति के शव से लिपट कर विलाप कर रही थी। अब हमर बेटवा के पालन-पोषण के करतय हो रजवा, हमर जिंदगिया कइसे कटतै हो रजवा,विधवा बनी नीलम के आदि-आदि विलाप सुनकर हर व्यक्ति के आंख से आंसु बह रहा था।स्वजनों ने बताया कि परमेष्वर यादव को पांच बेटी के बाद एक मात्र पुत्र सुनील हुआ था,जो खेती-बारी कर अपने परिवार का भरण-पोषण किया करता था। सुनील को तीन नावालिग पुत्र एवं तीन वर्ष की एक पुत्री है। ग्रामीणों के अनुसार सुनील काफी नेकदिल इंसान था।नए वर्ष आगमन का जश्न मनाने के क्रम में गांव के कुछ युवक आपस में उलझ रहे थे, जिसे छुड़ाने गए सुनील से कुछ युवक उलझ गए। बाद में ग्रामीणों के द्वारा झगड़ा शांत करवा दिया गया था, परंतु दो जनवरी की अहले सुबह भैस दुह रहे सुनील को टारगेट कर बुरी तरह से पिटाई कर जख्मी कर दिया,जिसकी इलाज के क्रम में सोमवार की रात्रि पटना के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में मौत हो गई।जाम को हटाने के लिये स्थानीय पुलिस एवं अधिकारी प्रयास में जुटे दिखे।वही घटनास्थल पर पहुंचे डीएसपी महेश चौधरी ने लोगों को समझा बुझाकर आवागमन को चालू करवाया।एवं घटना में संलिप्त रहे अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय में समर्थ भारत पर्व समारोह का आयोजन



**लोक तंत्र की आवाज**

**गया।** अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय,गया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा, गया के संयुक्त तत्त्वाधान में समर्थ भारत पर्व के अंतर्गत भारत की गौरवशाली अतीत और वर्तमान विषय पर पीपीटी प्रेजेंटेशन के द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सेवाव्रती निरंजन बोरो द्वारा तीन ओंकार पाठ कर किया गया है। तत्पश्चात डॉ उमा शंकर सिंह, सहायक प्राध्यापक हिंदी विभाग ने अपने स्वागत अभिभाषण में कहा कि भारत के गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए वर्तमान को सम्मुनत तथा उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए हम सब को एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। संजय किशोर, नगर संपर्क प्रमुख, विवेकानंद केंद्र द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारत के गौरवशाली इतिहास के साथ साथ वर्तमान की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में चर्चा की और स्वामी विवेकानन्द का भविष्य के भारत के किया क्या दृष्टिकोण था इसके बारे में बताया गया है। निरंजन बोरो ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों से स्वदेश मंत्र का पाठ करवाया है। धर्मदास विवेकानंद केंद्र पाटलिपुत्र एवं मगध विभाग के संगठन ने अपने उद्बोधन में समर्थ भारत पर्व की महत्ता को बताते हुए कहा कि युवाओं में अपने सुदृढ और वैभवशाली इतिहास पर गर्व हो तथा उससे प्रेरित होकर उज्जवल भविष्य की अग्रसर हो। इस कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ पार्थ सारथी सह प्राध्यापक इतिहास विभाग ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारत की आध्यात्मिक उपलब्धियो को वैज्ञानिक चेतना प्रदान करने का कार्य किया जो भारत को समर्थ बनाता है। शांति मंत्र का पाठ श्री निरंजन बोरो द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत द्वारा किया गया है। इस अवसर पर डॉ प्रवीण कुमार सिंह विभागाध्यक्ष जीव विज्ञान, डॉ राकेश राय समाजशास्त्र, डॉ पूनम कुमारी, हिंदी विभाग, डॉ मीनाक्षी कुमारी अर्थ शास्त्र विभाग,डॉ सुनीता, डॉ उत्तम कुमार गुप्ता गणित विभाग, डॉ श्वेता सिंह दर्शनशास्त्र विभा,प्रभा कुमारी, विभा कुमारी, निशा कुमारी, प्रिंस कुमार इत्यादि उपस्थित रहे हैं।

## बी डिवीजन लीग मैच के रोमांचक मुकाबले में युवराज क्रिकेट क्लब कादीरगंज जीता

**लोक तंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार**

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में कादिरगंज हाई स्कूल के मैदान में आयोजित बी डिवीजन लीग के आठवे मैच में बुधवार को युवराज क्रिकेट क्लब कादिरगंज का मुकाबला भगत सिंह क्रिकेट क्लब नवादा के बीच हुआ। जिसमें युवराज क्रिकेट क्लब की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 31 ओवर में 187 रन बनाकर ऑल आउट हुई। जिसमें जितेंद्र कुमार ने शानदार 69 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। उसके अलावे मोहित ने 35, दीपक ने 17 जबकि नीतीश ने 15 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए भगत सिंह क्रिकेट क्लब के गेंदबाज राजीव रंजन ने तीन कुश ने दो जबकि कारण एवं सनी ने एक-एक खिलाड़ियों को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भगत सिंह क्रिकेट क्लब की टीम ने 30 ओवर में 176 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। भगत सिंह क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज पृथ्वी ने एक तरफा मुकाबले को जीत दिला रहे थे लेकिन 83 रनों पर जब पृथ्वी का विकेट गिरा, तब निचले क्रम के कोई भी बल्लेबाज ने ज्यादा स्कोर नहीं कर पाए। केवल राजीव ने 17 एवं शिवम ने 10 रन बनाए, गेंदबाजी करते हुए कादिरगंज के गेंदबाज अंकित ने तीन जबकि देव कुमार एवं पीटर जॉनसन ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया और एक रोमांचक मुकाबले को 11 रनों से जीत लिया। इस मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए जितेंद्र को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। इस जीत के साथ कादिरगंज की टीम ने फाइनल खेलने की उम्मीदों को बरकरार रखा।

## नवादा में स्कॉर्पियो और ई रिक्शा की जोरदार टक्कर, ई- रिक्शा चालक की दर्दनाक मौत 5 लोग जख्मी

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार

नवादा । नवादा में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है,जहां घने कोहरे के कारण तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी .दुर्घटना में जहां ई रिक्शा चालक की मौके पर मौत हो गयी ,वहीं घटनास्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष की तत्परता दे 05 अन्य जख्मी को अस्पातल में भर्ती कराकर बचायी गयी जान .पुलिस ने मृतक चालक को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है। बता दें कि तेज रफ्तार में रहें स्कॉर्पियो गाड़ी और ई रिक्शा की जोरदार टक्कर हो गयी ,जिसमें ई रिक्शा चालक की दर्दनाक



मौत हो गयी और 5 लोग जख्मी हो गए . जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया गया है कि नवादा के रोह अस्पताल के कुछ ही दूरी पर घटना घटी है, जहां घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा तुरंत रोह पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंचकर थाना प्रभारी बसंत कुमार ने सभी जख्मी को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया. जहां पटना रेफर के दौरान एक युवक की मौत हो गई। रोह थाना प्रभारी बसंत कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान प्रिंस कुमार के रूप में की गई है. बताया जाता है कि मृतक प्रिंस कुमार का ई रिक्शा था. वह ई रिक्शा चला कर जा रहे थे,तभी दो गाड़ी में टक्कर हुई और प्रिंस कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे ,उनके सिर में काफी चोट लगा था. बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने पटना रेफर किया था, इसी दौरान मौत हो गई है. फिलहाल मृतक की पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद मृतक की शव को परिवार को सौंप दिया गया है. अन्य ज़ख्मियों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और सभी लोगों का इलाज भी की जा रही है. फिलहाल सभी लोग खतरे से बाहर बताई जा रहा है. दोनों गाड़ी को जप्त कर के साथ में थाना लाया गया है. स्कॉर्पियो गाड़ी चालक गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए हैं .पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

## जन सुराज के सुत्रधार शिघ्र स्वास्थ्य लाभ कामना के लिए प्रदेश युवा उपाध्यक्ष ने पुजा अर्चना किए

**लोकतंत्र की आवाज**

**गया।** जन सुराज पार्टी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बीडी शर्मा ने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के बेहतर स्वास्थ्य लाभ एवं उनके दीर्घायु जीवन की कामना को लेकर मंगलवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में दर्शन पूजन कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने शक्तिपीठ माता मंगला गौरी एवं अक्षयवट स्थित वृद्ध प्रपिता महेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव पर जलाभिषेक कर उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ मांगी है। डॉ बीडी शर्मा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं बीपीएससी के अफसरों के सद्बुद्धि के लिए भी प्रार्थना किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा प्रशांत किशोर समेत उनके समर्थकों



को सोची समझी साजिश के तहत निशाना बनाया गया है। सरकार में बैठे अफसर शाह बीपीएससी पीटी प्रश्न पत्र लीक के दोषी हैं इसके बावजूद भी उन्हें बचाया जा रहा है जो सरकार के तानाशाही रवैया को दर्शाता है। बीपीएससी अभ्यर्थियों को पुनर्परीक्षा आयोजित कर न्याय संगत मांग को पूरा किया जाए।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड के अंतर्गत9 माह की बच्ची के सिर से उठा पिता का साया पकरीबरावा नवादा- जमुई स्टेट हाइवे पर धमौल थाना क्षेत्र अंतर्गत तपसीपुर गांव के समीप बीते 1 जनवरी को सड़क हादसे में घायल हुए पकरी गांव निवासी तुलसी पासवान के 26 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। पटना के आईजीआईएमएस में बीते मंगलवार की शाम उन्होंने आखिरी सांस ली। जरूरी प्रक्रिया के बाद युवक का शव बुधवार को दोपहर में गांव लाया गया, जहां उसका दाह संस्कार किया जाऐगा। इससे पूर्व डेड बॉडी गांव आते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। युवक की मौत से पूरा मोहल्ला गमगीन दिखा। मृतक की पत्नी कुमकुम, मां सरिता देवी, बहन पूजा, गुंजा व आरती का रो- रोकर बुरा हाल था। भाई चंदन एवं कुन्दन भी भाई




की मौत से सदमे में था। संतोष को 9 माह की एक बेटी है। उस नन्हीं जान के सिर से पिता का साया उठ गया। परिजनों के करुण क्रंदन से हर किसी की आँखें नम थी। बता दें कि मृतक संतोष अपने दोस्त को छोड़कर जमुई शहर से बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान तपसीपुर के पास एक महिला को बचाने के चक्कर में उसने बाइक से अपना नियंत्रण खो दिया और उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में संतोष बुरी तरह घायल हो गया था, जिसे पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया था।इधर, स्थानीय लोगों द्वार प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मृतक के आश्रित पारिवारिक को लाभ 20000 का चेक मृतक के पिता तुलसी पासवान को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने दिया साथ ही वारिसलीगंज के विधायिका अरुणा देवी भी थी । उन्होंने हर सरकारी नियमानुसार सहायता दिलाए जाने की आश्वासन भी दिया एवं बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। आशो पासवान, सुखदेव पासवान आदि ने युवक की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# गया : महिलाएं एकजुट होकर अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती समारोह को बनायें सफल

**लोकतंत्र की आवाज़**

**गया।** पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह आयोजन समिति की एक बैठक स्थानीय टॉवर चौक स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में संपन्न हुई है।इस बैठक में सैकड़ो की संख्या में शहर की महिलाओं ने हिस्सा लिया है।इस बैठक में आगामी 23 फरवरी को विष्णुपद मंदिर प्रांगण में श्री विष्णुपद की जीर्णोद्धारिका इंदौर की महारानी पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती समारोह के अवसर पर एक विचार गोष्ठी के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया है। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह मोहन जी, दक्षिण बिहार प्रांत के बौद्धिक प्रमुख उपेंद्र भाई त्यागी जी, गया महानगर के माननीय संघचालक देवनाथ मेहरवार , विभाग के सहसंघचालक सिया शरण प्रसाद उपस्थित रहे हैं।इस बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह मोहन ने कहा की अहिल्याबाई के त्याग, साहस एवं उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आगामी 23 फरवरी को यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह प्रसिद्ध विचारक दत्तात्रेय होसवले जी करेंगे। अहिल्याबाई ने देश में महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने



की दिशा में आने को जनहित के कार्य किया है। काशी विश्वनाथ मंदिर,गया में विष्णुपद मंदिर, उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर सहित देशभर में धर्मशालाओं का निर्माण कर दानशीलता की एक अद्भुत मिसाल पेश की थी।

उनके 300 वीं जयंती को प्रेरणा स्वरूप मानकर त्रिशताब्दी समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए उपस्थित महिलाओं को प्रेरित किया है। इस बैठक में देवनाथ मेहरवार ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर के जीवन दर्शन और विचारों से गया की आने वाली पीढ़ियां सदैव ऋणी रहेगी। इस मंच का संचालन राष्ट्रीय सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका प्रियंका दीदी ने किया है।इस मौके पर काशीनाथ प्रसाद, अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन, अर्चना पूर्णयाक, रामकुमार बारिक, अंतरराष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मधु शर्मा, नीलम शर्मा, इंदु प्रजापती, संगिता सिह, रंजनी त्यागी, ममता गिरी, सरिता त्रिपाठी, वीणा गिरी, रतनलाल गायव, ममता बरनवाल, शैलेश श्रीवास्तव, अर्पणा मिश्रा, भारती प्रियदर्शनी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कौआकोल : स्वच्छता शुल्क संग्रहण को लेकर किया गया प्रचार प्रसार

**लोक तंत्र कीआवाज**

**कौआकोल(नवादा)।** कौआकोल प्रखंड के मुख्यालय बाजार कौआकोल में बुधवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत हर घर से कचड़ा उठाव हेतु व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम व प्रचार प्रसार किया गया। स्थानीय मुखिया नीभा कुमारी के नेतृत्व में बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार, प्रखण्ड स्वच्छता समन्वयक उपेन्द्र कुमार आदि ने कौआकोल एवं रानीबाजार गांव घूम घूम कर माइकिंग से प्रचार कर दुकानदारों से स्वच्छता को लेकर सक्रिय भागीदारी की अपील किया तथा लोगों सेअपने अपने घरों एवं दुकानों का कचड़ा संग्रह कर




स्वच्छताकर्मी को देने अथवा डस्टबिन में डालने की अपील किया। बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार ने बताया प्रत्येक घर से एक रुपये प्रतिदिन एवं दुकान से दो रुपये प्रतिदिन सहयोग राशि भी देना है। इस दरम्यान स्वच्छता शुल्क राशि भी संग्रहण कर दुकानदारों को प्राप्ति रसीद मुहैय्या कराया गया। मौके पर कार्यपालक सहायक अजित कुमार आदि मौजूद थे।

लोकतंत्र की आवाज
उत्तर प्रदेश
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक डिजीटल समाचार पत्र
नवादा, गुरुवार 09 जनवरी 2025


## संक्षिप्त खबरें ।

### फौजी ने इंस्टाग्राम पर महिला से की दोस्ती, नजदीकियां बढ़ने पर हाथ लगा आधार कार्डङ्ग नाम देखकर उड़ गए होश



सतीश

**लखनऊ।** लखनऊ में एक मुस्लिम युवक ने इंस्टाग्राम पर एक महिला से दोस्ती की और खुद को सेना का जवान बताकर शादी का झांसा दिया। इसके बाद उसने महिला से जेवरात और करीब तीन लाख रुपये ऐंठ लिए। जब महिला को उसकी सच्चाई का पता चला तो उसने स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।सच्चाई का पता चलने पर पीड़िता ने स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर राजदेव प्रतापति ने बताया कि जांच में पीड़िता के आरोप सही पाए गए। जांच के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।पीड़िता ने बताया कि काकोरी इलाके में शादी हुई थी। पति शराब पीकर मारपीट करता था, जिसपर मायके में रहने लगी। इसी दौरान इंस्टाग्राम पर उसकी एक जालसाज से दोस्ती हुई जिसने अपना नाम हार्तिक बैगलो व सेना का जवान बताया था। उसने दोस्ती कर शादी करने की बात कही।

### बिजनौर मोबाइल छीन कर भाग रहे दो बाइक सवार युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



रिपोर्ट मुकेश सिंह

**धामपुर ।** पुलिस ने मोबाइल छीन कर भागने का प्रयास कर रहे दो बाइक सवार युवकों को गिरफ्तार कर उनका चालान किया है। आरोपियों में धामपुर थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर निवासी पुनीत शर्मा, सुहागपुर निवासी सौरभ शामिल है। दोनों में आपस में दोस्त बताए गए है। पुलिस ने बताया कि शेरकोट के गांव बाजिदपुर निवासी गुरमीत टेंपो चालक है। जब वह रविवार की शाम शेरकोट से टैपों में सवारियों को लेकर धामपुर आ रहा था और नगीना चौराहे पर सवारियों को उतारने का प्रयास कर रहा था। तब इस दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों में एक ने गुरमीत का मोबाइल छीन लिया और फरार होने का प्रयास करने लगे। इस दौरान चौक पर शोर मच गया। शोर मचने पर पुलिस ने मौके पर पहुंची। दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### बिजनौरः पुलिस ने वांछित चल रहे 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



रिपोर्ट मुकेश सिंह

**नगीना ।** पुलिस ने पीड़िता के साथ जान से मारने व घर में घुसकर छेडछाड आदि धाराओं में वांछित चल रहे 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि दिनांक 06 मार्च 2024 को पीड़िता ने थाने पर आकर तहरीर दी कि अभियुक्त गण साहिल व गुलजार पुत्रगण सलीम तथा शुएब पुत्र शरीफ अहमद निवासीगण मौ० साहूवान मनिहारी सराय कस्बा व थाना नगीना द्वारा पीड़िता के घर में घुसकर पीड़िता के साथ छेडछाड की व अभियुक्त गुलजार ने पीड़िता के ऊपर धारदार हथियार से हमला किया तथा अभियुक्तगण ने पीड़िता व उसकी बहन के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। नगीना पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना नगीना पर सम्बन्धित धारा 354/452/ 323/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया था।

# बिजनौर भाकियू लोक शक्ति के संगठन के विस्तार कर मासिक बैठक की आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट रोहित कुमार

**किरतपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की एक मासिक बैठक तहसील परिसर नजीबाबाद में आयोजित की गई। बैठक में संगठन का विस्तार किया गया साथ ही किसनो की समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को एक ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की। मंगलवार को तहसील परिसर नजीबाबाद में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में भा. कि. यू. लोकशक्ति पदाधिकारी व कार्यकर्ता उप जिलाधिकारी कार्यालय नजीबाबाद पहुंचे और मासिक बैठक में विभिन्न किसानी मुद्दों पर विचार विमर्श करके किसानों की प्रमुख समस्याओं व मांगों से शासन प्रशासन को अवगत कराया। मासिक वैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि सरकारों द्वारा किसानों की अनदेखी की जा रही है। शुगर मिलों के संचालन को लगभग दो महीने से अधिक का समय बीत गया है लेकिन अभी तक गन्ने का समर्थन मूल्य भी घोषित नहीं किया गया है। फसलों की सिंचाई हेतु नहरों और राजवाहो में पानी नहीं है। आवारा पशुओं और जंगली जानवरों से किसानों के जान माल को खतरा बना रहता है। लेकिन शासन प्रशासन किसानों को कोई भी राहत देने में लगातार नाकाम साबित हो रहा है। ऐसे में किसानों की आर्थिक स्थिति भी दयनीय बनी हुई है।और जब किसान अपने हितों की रक्षा के लिए धरना-प्रदर्शन करता हैं तो उसे प्रशासन की लाठियों और मुकदमों का इनाम दिया जाता है। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति संगठन किसी भी किसान का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। जोरदार विरोध प्रदर्शन को देखते हुए किसानों के बीच पहुंचे उप जिलाधिकारी नजीबाबाद कुँअर बहादुर सिंह को भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारियों ने किसानों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए किसानों की मांगों का एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित द्वारा तहसीलदार नजीबाबाद को सौंपकर शीघ्र समस्याओं के समाधान की मांग उठायी। उप जिलाधिकारी ने तहसील स्तर की सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान और शासन स्तर की समस्याओं से शीघ्र शासन को अवगत कराने का आश्वासन दिया। मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने संगठन विस्तार व संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए किरतपुर निवासी निवासी नरदेव सिंह को किरतपुर नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, मंडल प्रभारी जग्गन अली, रामकुमार सिंह, किरतपुर नगर अध्यक्ष नरदेव सिंह, डॉ. अरूण कुमार, महिला जिलाध्यक्ष मोनिका चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रेखा चौधरी, नरेश कुमार, सरदार जरनैल सिंह, सुखवीर सिंह, घनश्याम पांडे, दयाराम सिंह, डां. जयप्रकाश सिंह, अकरम अली, मुव्वशीर वेग, अतीक अहमद, रामबहादुर सिंह गहलौत, गजेंद्र सिंह, फुरकान अली, संजय सिंह, जितेंद्र, मुब्बशीर वेग, तेजपाल, अकरम अली, खूब सिंह, नितिन चौधरी, मा. मुनेंद्र सिंह, अतीक अहमद, नसीम अहमद, अमर सिंह, सहित बड़ी संख्या में भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्तराखंड कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के नेतृत्व में हरिद्वार पुलिस का एक्शन



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

हरिद्वार पुलिस की कार्यवाही जारी लगातार छापेमारी में पुलिस टीम के हत्थे चढ़ा गैंगलीडर गैंग बनाकर गौकशी की घटनाओं को देता था अंजाम लंबी है मुकदमों की फेहरिस्त अपराध मुक्त समाज बनाने के लिए कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के नेतृत्व में लगातार कार्यवाही कर रही जनपद पुलिस के थाना बुग्गावाला ने कड़ी मेहनत कर मुखबिर तंत्र की मदद से ठिकानों एवं संम्भावित स्थानों पर दबिश देते हुए गैंगस्टर परवेज (गैंगलीडर) को लालवाला मजबता तिराहे से दबोचने में कामयाबी हासिल की आरोपी परवेज अपने साथी इमरान के साथ गिरोह बनाकर गौकशी की वारदातों को अंजाम देता था। दर्ज मुकदमों के आधार पर थाना बुग्गावाला में उक्त मुकदमों के आरोपियों के विरुद्ध धारा 2/3 उ० प्र० गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था गैंगलीडर का विवरण परवेज पुत्र सत्तार उर्फ मोहल्ड निवासी लालवाला मजबजा बन्दरजुड थाना बुग्गावाला हरिद्वार आपराधिक इतिहास

(1) मु0अ0स0 27/18 धारा 3/5/11 गोवंश अधि थाना बुग्गावाला

(2) मु0अ0स0 41/19 धारा 3/5/11 गोंवश अधि० थाना बुग्गावाला

(3) मु०अ०स० 35/20 धारा 188/269 भादवि व 3/11 पशु क्रूरता अधि० थाना बुग्गावाला

(4) मु0अ0स0121/22 धारा 3/5/11 गौवंश अधि० थाना बुग्गावाला

(5) मु०अ०स० 38/22 धारा 3/5/11 गाँवश अधि० थाना बुग्गावाला

(6) मु0अ0स013/23 धारा 3/5/11 गौवंश अधि० थाना बुग्गावाला

(7) मु0अ0स0 44/24 धारा 3/5/11 गोंवश अधि० थाना बुग्गावाला

(8) मु०अ०स० 85/24 धारा 3/5/11 गोंवश अधि० थाना बुग्गावाला

(9) मु०अ०स० 01/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि० थाना बुग्गावाला

# इमपैनलमेंट समिति की बैठक



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया ।** मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज की अध्यक्षता में विकास भवन में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनातर्गत विषय विशेषज्ञ इमपैनलमेंट समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अतिथि प्रवक्ता के लिए प्राप्त 17 आवेदनों में से उपस्थित 13 आवेदनकर्ताओं का साक्षात्कार सम्पन्न हुआ, जिसमें अर्थशास्त्र, सामाजिक मुद्दे और न्याय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, भौतिक विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी इत्यादि विषयों के अतिथि प्रवक्ता उपस्थित हुये। साक्षात्कार का प्रतिफल विषय विशेषज्ञ इम्पैनलमेंट समिति द्वारा बाद में घोषित किया जायेगा। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय एवं कोर्स कोआर्डिनेटर उपस्थित रहे।

# हरिद्वार : उत्तराखंड ड्रग्स इंस्पेक्टर अनीता भारती को फूल माला एवं गुलदस्ता देकर किया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**हरिद्वार।** माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा मिशन कार्यालय हरिद्वार बहादराबाद ने ड्रग्स इंस्पेक्टर श्रीमती अनीता भारती को होटल ग्रेनेडा प्रमाउंट के पास सिद्गुल बहादराबार में फूलों की माला ओर गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। ड्रग्स इंस्पेक्टर के द्वारा क्षेत्र में नसे के खिलाफ जागरूकता ओर कार्यवाही कर गुनहगारों को जेल भेज कर हर की नगरी हरिद्वार को नसे जैसे अभिशाप से मुक्त करा रही है। माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा मिशन संस्था ने ड्रग्स इंस्पेक्टर श्रीमती अनीता भारती जी से मुलाकात कर उनके कार्य की प्रशंसा की। मुलाकात में मुख्य रूप से पहुंचे संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि आचार्य प्राणनाथ ने ड्रग्स इंस्पेक्टर के कार्य की सराहना करते हुए कहा के नसे के खिलाफ आपकी जंग में हम हर समय आपके साथ है और आपका आभार करते है इसी मौके पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड स्वतंत्र सैनी ने ड्रग्स इंस्पेक्टर को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर आभार व्यक्त किया। संस्था की जिला अध्यक्ष हरिद्वार महिला मोर्चा डॉ दीपमाला जी ने फूलों की माता पहनाकर उनका स्वागत किया। संस्था के पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष बिट्टू सैनी, जिला मंत्री नीटू पंचाल, जिला अध्यक्ष सिकंदर सैनी, जिला मंत्री पंकज सैनी, राष्ट्रीय कार्यालय उत्तराखंड प्रमुख नोनिस चौधरी, अनुज सैनी आदि एवं काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बिजनौरः शाहनवाज खलील ने ग्रामीणों को आसपास के क्षेत्र में सफाई स्वच्छता बनाए रखने की अपील

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह



**नगीना।** नगर पालिका परिषद संघ के जिलाअध्यक्ष शाहनवाज खलील ने ग्रामीणों को आसपास के क्षेत्र में सफाई स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है वह मंगलवार की दोपहर को कस्बा कोटरा में चल रहे सात दिवस से शिविर को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कस्बा कोटरा पंचायत घर में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर मे छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए शाहनवाज खलील व एम एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शाहिद अली गोहर ने सेवकों एवं सेविकाओं और अभिभावक को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। स्वच्छता केवल शारीरिक स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक और सामाजिक स्वच्छता का भी प्रतीक है। स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ जीवन संभव होता है सभी को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। सेवक एवं सेविकाएं जिनमें तैयबा, कशिश, हिमांशी, अंशिका आदि ने भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम अधिकारी राम कुमार सिंह गौतम ने बताया स्वच्छता अभियान की सफलता जनता की भागीदारी पर निर्भर करती है। स्वच्छ भारत मिशन केवल सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह एक जन आंदोलन है। हर नागरिक को अपने घर, गली और शहर को साफ रखने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। सभी सेवकों एवं सेविकाओं ने ग्राम कोटड़ा के मुख्य मार्ग में रैली के माध्यम से जागरूक किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी राम कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, शहजाद अहमद, नर सिंह एवं श्रीमती नूर जहां आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मा शहजाद अहमद ने किया।

# लखनऊ : 10 से 22 जनवरी तक लखनऊ में होगी अग्निवीरों की भर्ती, इन बातों का रखना होगा ध्यान

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना



**लखनऊ ।** अग्निवीरों की भर्ती रैली 10 से 22 जनवरी के बीच लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर व कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में होगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और अन्य सभी दस्तावेज भर्ती स्थल पर लेकर आएं। इसके अतिरिक्त वे सतर्क रहें और दलालों या किसी अनुचित साधन का सहारा न लें। रैली से संबंधित किसी भी समस्या पर अभ्यर्थियों को भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) लखनऊ से संपर्क करना चाहिए।। इसमें अग्निवीरों के जनरल ड्यूटी, तकनीकी, कार्यालय सहायक और ट्रेड्समैन पदों के लिए अप्रैल 2024 में ऑनलाइन कामन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास कर चुके 10 हजार अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। इन अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड पर दी गई तिथि में लखनऊ में सुबह दो बजे आकर रिपोर्ट करना होगा। 10 से 16 जनवरी तक अग्निवीरों की जनरल ड्यूटी, जबकि 17 को तकनीकी, 18 को कार्यालय सहायक और 19 को कक्षा आठ और 10 उत्तीर्ण अग्निवीर ट्रेड्समैन पदों के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रैली के लिए प्रवेश पत्र उनके पंजीकृत ई-मेल पर भेजा गया है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और अन्य सभी दस्तावेज भर्ती स्थल पर लेकर आएं। इसके अतिरिक्त वे सतर्क रहें और दलालों या किसी अनुचित साधन का सहारा न लें। रैली से संबंधित किसी भी समस्या पर अभ्यर्थियों को भर्ती कार्यालय (मुख्यालय), लखनऊ से संपर्क करना चाहिए।

# बलिया : भक्त का तात्पर्य है करुणा से भरा हुआ व्यक्त : महामण्डलेश्वर स्वामी भास्करानन्द

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** भक्ति से ज्ञान और ज्ञान से मुक्ति मिलती है। जहाँ भक्ति होगी वहाँ ज्ञान वैराग्य भी होंगे। भगवान को अपना मान लेना ही भाक्त है। श्रीहरि को छोड़कर यहाँ सब कुछ नश्वर है। यहाँ आने का पता भले हो किन्तु जाने का का पता नहीं, जबकि यहाँ से जाना ध्रुव सत्य है। उक्त उद्गार द्वादशवर्षीय पूर्व मौनव्रती स्वामी ईश्वरदास ब्रह्मचारी महाराज द्वारा आयोजित अद्वैत शिवशक्ति राजसूय महायज्ञ में भक्तिभूमि श्रीधाम वृन्दावन से चलकर पधारे महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानन्द महाराज ने व्यक्त किया डूहा बिहरा ग्रामान्तर्गत वनखण्डीनाथ (श्री नागेश्वरनाथ महादेव) मठ के पावन परिसर में व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। कहा कि भक्ति के वशीभूत भगवान शबरी के बेर व विदुरानी के साग खाते और पाण्डवों के यहाँ यज्ञ में जूठे पत्तल उठाते हैं क्योंकि सबसे ऊँची प्रेम सगाई। प्रभु को भावशून्य दुर्योधन के मेवा मिष्ठान छप्पन भोग नहीं भाये। भक्ति पर केन्द्रित कथा में क्क्ता ने नवधा भक्ति की विशद व्याख्या करते हुए कहा कि परीक्षित ने एक बार कथा सुनी तो उसका उध्दार हो गया, आप बार-बार सुनते हैं तो कुछ नहीं होता, सुविचार्य है। कथा मनोरञ्जन के लिए नहीं, दुःखभञ्जन के लिए होती



है। एकाग्र हो एक आसन में बैठकर कथा-श्रवण करना चाहिए। जब तक सुनोगे नहीं तब तक परमात्मा को जानोगे नहीं। कथा से जीवन की व्यथा दूर होती है। सन्त निष्पाप होता है, लक्ष्मण को शक्तिवाण लगने से हनुमान जी सञ्जीवनी लाने में बिलम्ब की सम्भावना पर बोले- यदि देर हुई तो सूर्योदय होने नहीं दूंगा। सुरदुर्लभ मनुष्य तन में सत्संग दुर्लभ है। कीर्तन से कपट छूट ता है और पापक्षय होता है। नियत कर्म और प्रभुका स्मरण साथ साथ करते जाओ क्योंकि-'जो करते रहोगे भजन धीरे-धीरे, तो मिल जायेंगे वो सजन धीरे-धीरे। माता, पिता, गुरु, बड़े बुजुर्गों और स्त्रियों के लिए पति की चरणसेवा करणीय है। स्वजन परिजन जैसे भगवान की सेवा एवं अर्चना करनी चाहिए। मूर्ति से भी प्रभु प्रकट होने को तैयार हैं, उनको बुलाना तो सीखो । अहंकार छोड़कर झुकना जाना, विनम्र बनो, सबको नमन- वन्दन करो। इस मायावी दुनिया के दास मत बनो, भगवान केदास बने।सन्त-भगवन्त के पाँव पकड़ लो, दुनिया में किसी के पाँव पकड़ने की जरूरत नहीं। जीवन में सख्य- भाव की भक्ति आ जाय तो फिर क्या पूछना ! अन्ततः अपने आपको प्रभु के लिए समर्पित कर देना आत्म निवेदन है, जैसे बिल्ली का बच्चा। बताया कि शिवार्चन अनादि है। मनोकामना पूर्ण करने में महादेव अग्रणी है। आँखें सबको देखती हैं पर वे ही आँखें धन्य हैं जो सर्वत्र परमात्मा का दर्शन करती है। गोपियों को श्यामसुन्दर के सिवा कुछ नहीं दिखता। दुनिया बाहर देखती है और भक्त अन्दर और भक्त अन्दर देखता है। चावल कड़ा और - अलग होता है किन्तु भात बनकर एक और मुलायम हो जाता है। साध्वी कृष्णानन्द नेः ने अपने सुमधुर संगीत से श्रोताओं को मुग्ध कर दिया।

# यूपी में तबादलों का सिलसिला जारी, 6 डीआईजी समेत 14 और आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना




**लखनऊ।** यूपी में पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ है। शासन ने 6 डीआईजी समेत 14 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें से कुछ अधिकारियों को पदोन्नति के बाद उनके वर्तमान कार्यस्थल पर ही नई नियुक्ति दी गई है। वहीं कुछ पीपीएस अधिकारियों को भी आईपीएस में पदोन्नति के बाद एसपी के पद पर तैनात किया गया है।डीजीपी मुख्यालय ने तबादला सूची जारी की है। इनमें नए वर्ष में पदोन्नति पाने वाले 14 अधिकारियों को उनके कार्यस्थल पर ही नई नियुक्ति प्रदान की गई है। इनमें एसपी से डीआईजी के पद पर प्रोन्नत हुए 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉ. धर्मवीर सिंह, 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार, डा.अरविंद चतुर्वेदी, दिनेश सिंह, अरविंद कुमार मौर्य व सुभाष चन्द्र शाक्य के नाम शामिल हैं। इसके अलावा पीपीएस संवर्ग से आईपीएस संवर्ग में पदोन्नति पाने वाले आठ अधिकारी भी शामिल हैं। इनमें समीर सौरभ, मु.इरफान अंसारी, रश्मि रानी, लक्ष्मी निवास मिश्रा, राजेश कुमार श्रीवास्तव, विश्वजीत श्रीवास्तव, अमृता मिश्रा व मायाराम वर्मा को भी उनके तैनाती स्थल पर ही एसपी के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### झारखंड मजदूर संघ की बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। तालझारी प्रखंड स्थित मोती झरना बजरंगबली मंदिर के चबूतरा में झारखंड मजदूर संघ (प्रजा०) के जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रस्तावित 9 फरवरी 25 को साहिबगंज में जिला अधिवेशन की सफलता के बारे में लेकर बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 फरवरी को होने वाले अधिवेशन में प्रत्येक सदस्य को कम से कम 5 सदस्य को लेकर जाना है। वही संगठन के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने झारखंड सरकार से मोती झरना मोती धाम मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उक्त स्थल में जीर्णोद्धार करने की आवश्यकता है जिससे भक्तजनों को आने जाने में कोई कठिन ना हो सके। वही जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव ने कहा कि 16 जनवरी से 31 जनवरी के बीच सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय बैठक बुलाकर प्रखंड कमेटी का चयन करना है।बैठक में राजेंद्र कुमार मंडल तिलकाय मुर्मू,ओमलता देवी,रोमा देवी,तबस्सुम परवीन,अंजु देवी,मीरा देवी,मुन्नी देवी,रिजवान बेबी,उषा देवी,सीता देवी,कविता देवी,संतोषी देवी,विश्वनाथ मंडल,सुरेन मंडल सहित कई लोग मौजूद थे।

### इंकलाबी नौजवान सभा के नेताओं ने गरीब असहायों ज़रूरतमंद के बीच कंबल का किया वितरण



लोकतंत्र की आबाज
समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर विधानसभा अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत सैदपुर के कनुआ में ठंड को देखते हुए दर्जनों गरीबों, वृद्ध, असहाय एवं जरूरतमंद लोगो के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन, आरवाईए राज्य उपाध्यक्ष सह भाकपा–माले युवा नेता रंजीत राम के नेतृत्व में किया गया। वितरण के दौरान आरवाईए जिला सचिव रौशन कुमार ने कहा कि बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए गरीब असहाय एवं वृद्ध लोगों को कंबल दिया जा रहा है। गरीबों की सेवा करना ही सबसे बड़ा मानवता की सेवा है। संगठन की ओर से आगे भी इसी तरह सेवा जरूरतमंद लोगों को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय युवा नेता राजेश राम, युवा समाजसेवी राजेश सहनी व सुरेंद्र कुमार, बिट्टू कुमार, नीतीश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### पीरपैंती के फलाहरी बाबा स्थान से शराब जब्त, तस्कर फरार

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती थाना क्षेत्र के बाखरपुर स्थित फलाहारी बाबा स्थान के समीप झारखंड से शराब लेकर आ रहे दो युवकों को पुलिस ने रोका। दोनों युवक पुलिस को देखते ही बाइक सड़क पर लगाकर भाग गए। पुलिस ने दोनों बाइक पर बड़े बोर में 55 लीटर देसी शराब जप्त की। थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की घने कोहरे का फायदा उठाकर दोनों बाइक सवार फरार हो गए ।शराब और बाइक जप्त कर ली गई है। बाइक मलिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### 40 लोगों ने राजस्व शिविर में दिए आवेदन

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के सभी 28 पंचायत में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। हल्का कर्मचारी अपने क्षेत्र में शिविर लगाकर दाखिल खारिज ,परिमार्जन एप्स , मापी के आवेदन के साथ बटवारा नाम,आदि कागजात की जांच की। अंचलाधिकारी मनोहर कुमार ने बताया कि शिविर में 40 आवेदन आए हैं। सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि आवेदन की जांच कर अग्रतर कार्रवाई करें।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहः 2025 के आठवें दिन सड़क सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली साहेबगंज में निकाली गई

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहेबगंज।** जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में जागरुकता हेतु जिला परिवहन कार्यालय, साहिबगंज से बाइक रैली को हरी झंडी दिखा कर जिले के सभी प्रमुख स्थानो, सरकारी कार्यालय, थाना क्षेत्र, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, टैम्पो टोटो स्टैंड, चौक चौराहे पर बाइक रैली के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



साहिबगंज जिले के सभी बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन, टैम्पो टोटो स्टैंड, चौक चौराहे पर चालकों, बस ड्राइवर, कंडक्टरों को भी जागरूकत किया गया जिसका उद्देश्य सभी वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता एवं जागरूकता फैलाना है। हेलमेट सीटबेल्ट जैसे सेफ्टी उपकरण का प्रयोग के साथ यातायात नियमों का पालन करना है।

सड़क पर हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को कम करना तथा सड़क दुर्घटना में हो रहे मृत्यु दर में कमी लाना का प्रयास है। साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु बाइक रैली के माध्यम से पम्पलेट, बुकलेट, हैंडबिल वितरण कर आम जनमानस को जागरूक किया गया।सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ जिले भर में घूम-घूम कर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा जागृत पुस्तिका, हैंडबिल, पम्पलेट वितरण का कार्य कराया जा रहा है। जिससे लोगों में यातायात नियमों के प्रति जानकारी का अभाव न रहे एवं सभी वाहन चालक अपने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह ने वाहन चालको एवं आमजनों से अपील किया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें। सभी चालक मोटरसाइकिल चलते समय हेलमेट आवश्य पहने साथ ही चार पहिया या उससे अधिक के वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करे, वाहन चलते समय शराब का सेवन एवं नशे के हालत में वाहन ना चलाए, बिना ड्राइविंग लाइसेंस का वहां का परिचालन ना करें समेत अन्य सभी यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया। अंतिम में मुख्य रूप से दोपहिया, चार पहिया वहां पर सड़क दुर्घटना में कामी लेन हेतु रिफ्लेक्टिव टेप पारावर्तक पट्टी लगया गया जिससे अँधेरा, कोहरा, कुहासा, वर्षा में दोपहिया, चार पहिया वहां पर सड़क दुर्घटना में कमी लाया जा साके। कार्यक्रम में उपस्थित परिवहन विभाग के लिपिक अभिषेक कुमार, जिला सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस, सड़क सुरक्षा योद्धा ओम प्रकाश पंडित मौजूद रहे।

# मैसी फर्गुसन कंपनी के 7235 ट्रैक्टर का लांचिंग व वजन प्रदर्शित

लोकतंत्र की आवाज

- कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जेडीयू एमएलसी श्री भगवान सिंह पहुंचे

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र की दावां गांव के मोड़ के पास बिहिया-पीरो स्टेट हाईवे पर बुधवार को मैसी फर्गुसन कंपनी के 7235, 35 एच पी का ट्रैक्टर का लांचिंग और वजन प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जेडीयू एमएलसी श्री भगवान सिंह पहुंचे। सबसे पहले श्री भगवान सिंह कुशवाहा और मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। इसके बाद कुशवाहा द्वारा 7235, 35 एचपी के ट्रैक्टर का लांचिंग किया गया। उसके बाद एमएलसी द्वारा 7235, 35 एचपी के एक ट्रैक्टर द्वारा उसके पीछे लगाए गए 15 ट्रोलिया पर लदे 30 हजार ईट का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रवानगी से पहले डायरेक्टर शिवम चौधरी ने नारियल फोड़कर ट्रैक्टर प्रदर्शित सह रोड शो का शुभारंभ किया। इसके बाद, 15 किलोमीटर तक यात्रा दूरी तय किया। श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि अन्य ट्रैक्टरों की कंपनी के अपेक्षा मैसी फर्गुसन ट्रेक्टर बहुत मजबूत है और कम फ्यूल खाने वाला ट्रैक्टर है। यह ट्रैक्टर को किसान काफी इस्तेमाल करते हैं और उनके कम फ्यूल में खेती-बाड़ी का कार्य जो ट्रैक्टर से होता है उसके आसानी से हो जाता है। वही मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन चौधरी ने ट्रैक्टर की खासियत को बताते हुए कहा कि यह एक ट्रैक्टर लगभग 110 टन वजन लोड कर सकता है जबकि अन्य ट्रैक्टरों में इतना क्षमता नहीं रहता है। वही 8055 जो ट्रैक्टर है वह 35 ट्रैक्टर ट्राली को खींच सकता है। इसकी गिनीज ऑफ बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज है। इस मौके पर सर्विस स्टेट हेड रजनीश कुमार तिवारी, फील्ड एक्टिव चैंपियंस सर्वेश कुमार, सेल्स एरिया मैनेजर नीरज कुमार श्रीवास्तव, सर्विस एरिया मैनेजर प्रदीप कुमार, एरिया मैनेजर उड़ान प्रियरंजन भारद्वाज सहित अन्य मौजूद रहे।

### पुण्य तिथि पर याद किये गये पूर्व विधायक

शाहपुर। नपं स्थित कोलता कॉम्प्लेक्स परिसर में पूर्व विधायक स्व. धर्मपाल सिंह की 10 वीं पुण्य तिथि समारोह मनाई गई। पूर्व प्रमुख रामसुजान सिंह, राजद के वरीय नेता मदन यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता शंभुशरण मिश्र और बब्लु सिंह ने उनके तैलचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में कृष्ण कुमार, संतोष सिंह, मदन यादव, मंटू ओझा, देवबिहारी सिंह, सचिता सिंह, पूर्व मुखिया रमाशंकर पांडेय, शिव अवतार प्रसाद, कविन्दर ओझा, हरेराम सिंह आदि थे।

### उद्यानिकी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहेबगंज।** वित्तीय वर्ष 2024 –25 उद्यान विकास योजना अंतर्गत जेएसएलपीएस, द्वारा चयनित कृषको के बीच आज बोरियो, मंडरो, साहिबगंज एवं राजमहल में पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन ,कृषि विज्ञान केंद्र से माया कुमारी के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला उद्यान पदाधिकारी के द्वारा बागवानी के क्षेत्र में सरकार के द्वारा चलाई जारी योजनाओं के बारे में बताया गया । बताया गया कि परंपरागत खेती की तुलना में बागवानी की खेती से जुड़कर अधिक मुनाफा किया जा सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से आए डॉक्टर माया मैडम के द्वारा बागवानी फसलों के वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की जानकारी दी गई। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉक्टर माया, बागवान मित्र उद्यान मित्र, जेएसएलपीएस की दीदी एवं अन्य कृषक गण मौजूद थे।

# टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट में ओलीयावाद ने फाइनल मुकाबले में ताज अपने नाम किया ,उपस्थित हुए कांग्रेस नेता प्रवीण सिंह कुशवाहा

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** स्व० राजेंद्र प्रसाद शर्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट बिहपुर प्रखंड के खेल मैदान पर एक दिवसीय आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सह पटना साहिब के प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा ने फिता काटा एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन सेमीफाइनल मुकाबला बाभानगामा वर्सेस औलियाबाद के बीच खेला गया पहले खेलते हुए निर्धारित 10 ओवर के मैच में 111 रन बनाया और बाभानगामा 11 रन से यह मुकाबला हार गई और मेन ऑफ द मैच बिक्कू को दिया गया । दूसरा सेमीफाइनल बिहपुर वर्सेस



दयालपुर के बीच खेला गया बिहपुर ने टॉस जीत के पहले गेंदबाजी किया और दयालपुर के टीम ने 97 रन का लक्ष्य दिया जिसको की बिहपुर के टीम ने आसानी से जीत लिया।

मेन ऑफ द मैच मिलन सिन्हा को दिया गया।फाइनल मुकाबलता ळ- 10 बिहपुर वर्सेस औलियाबाद के बीच खेला गया बिहपुर ने टॉस जीत के पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और औलियाबाद की टीम ने 150 रन का लक्ष्य दिया और बिहपुर की टीम 55 रन से ये मैच हार गई फाइनल मैच में औलिया के आर्यन को मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया और बिक्कू को मेन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया साथ ही विजेता टीम को 2100 और उपविजेता टीम को 1100 का पुरस्कार दिया गया । टूर्नामेंट के मौके पर बिहपुर 02 के जिला परिषद सदस्य मोईन राईन, बिहार प्रदेश जनसंख्या के प्रदेश उपाध्यक्ष अतहर सईद, कांग्रेस नेता संजय राणा, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रशांत बनर्जी,नारायणपुर प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष अयूब अली, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रोहित आनंद शुक्ला, वार्ड सदस्य जेनूल अंसारी, मोहम्मद फिरोज , रवि कुमार, मुकर्रम अली, ईमान अली, वह अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे। टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट पूर्व विधायक राजेंद्र प्रसाद शर्मा के पुत्र नवीन शर्मा के द्वारा आयोजित किया गया। नवीन शर्मा ने कहा कि इस प्रकार का टूर्नामेंट बिहपुर विधानसभा के सभी प्रखंड में कराया जाएगा।

# पति से तंग आकर 24 वर्षीय विवाहिता ने की आत्महत्या

लोकतंत्र की आवाज

**जगदीशपुर के बभनियांव गांव की घटना**



**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी है। 24 वर्षीय विवाहिता प्रतिमा कुमारी ने अपने पति से तंग आकर आत्महत्या कर ली। प्रतिमा के मायके वालों ने उसके पति सुनील यादव पर जान से मारने का आरोप लगाया है।बताया जा रहा है कि प्रतिमा की शादी 2020 में सुनील यादव के साथ हुई थी। सुनील यादव लुधियाना में प्राइवेट नौकरी करता था और एक महीने पहले ही गांव लौटा था। प्रतिमा की दो बेटियां हैं, जिनमें से एक 3 वर्षीय है और दूसरी तीन माह की नवजात है। बताया जा रहा है कि प्रतिमा के पति ने उसे दो दिन पहले बेरहमी से पीटा था। इसके बाद प्रतिमा के पिता उमाशंकर यादव ने अपनी बेटी को अपने साथ ले जाने की कोशिश की, लेकिन सुनील यादव ने उन्हें रोक दिया। प्रतिमा की 3 वर्षीय बेटी का बयान भी रिकॉर्ड किया है, जिसमें वह अपने पिता पर अपनी मां को पीटने का आरोप लगा रही है।

पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और सुनील यादव की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बुधवार की दोपहर दरवाजा तोड़कर शव को बरामद किया और एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह और एफएसएल की टीम की मौजूदगी में शव को फंदे से उतारा। इसके बाद एफएसएल की टीम ने शव की जांच की और सैंपल एकत्रित किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, आरा भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, थानाध्यक्ष विगाऊ राम, दरोगा आफताब खान व मीना कुमारी पुलिस बल के साथ बभनियांव पहुंची और घटना की जानकारी ली। उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर पूरी स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

घटना की जानकारी देते हुए एसडीपीओ रजीव चंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृश्य विवाहिता द्वारा आत्महत्या लग रही है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का सही कारण पता चलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था और यह मामला दहेज हत्या या मर्डर हो सकता है या दोनों हो सकता है। एसडीपीओ ने बताया कि मृतका के पिता के अनुसार, पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था और वह अपनी बेटी को लेने आए थे, लेकिन दामाद ने उन्हें जाने नहीं दिया। मृतका के पति पर जान से मारने का आरोप लगाया गया है और पुलिस ने एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# पूसा अंचल कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन घेरा डालो डेरा-डालो भाकपा-माले का आंदोलन शुरू

लोकतंत्र की आबाज

- पूसा प्रखंड प्रशासन गरीबों को 72 हजार रूपये से कम का आय प्रमाण पत्र बनाने में आनाकानी कर रही हैः- अमित कुमार

**रामजी कुमार**
**समस्तिपुर/पूसा ।** प्रखंड के गरीबों को 72 हजार रूपये से कम का आय प्रमाण पत्र बनाने, प्रखंड के भूमिहीन परिवारों को 5 डिसमिल आवासीय जमीन उपलब्ध कराने, पूर्व में अंचल में जमा किए गए आय प्रमाण पत्र के आवेदन की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर, भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मानस मंदिर से जुलूस निकालकर अंचल कार्यालय के समक्ष रोषपूर्ण प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के बाद सभी कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो धरना पर बैठ गए। इसका नेतृत्व भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने किया।



इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने कहा कि गरीब परिवारों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की दिशा में सरकार के प्रयास नाकाफी हैं। सरकार ने आय प्रमाण पत्र का झमेला बना रखा है। प्रखंड प्रशासन के द्वारा 72 हजार रूपये से कम का आय प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। इसका मतलब है कि जरूरतमंदों को सही अर्थों में इस योजना का लाभ नहीं देने की योजना है।उन्होंने कहा कि जब तक गरीबों को 72 हजार रूपये से कम का आय प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जाता तब तक अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन चलता रहेगा।

मौके पर जिला कमिटी सदस्य महेश कुमार, रौशन कुमार समेत प्रखंड कमिटी सदस्य रविन्द्र सिंह, दिनेश राय, अखिलेश सिंह, राजाराम सिंह, भाग्यनारायण राय समेत बिराजी दास, अमृता देवी, डॉ. मुकेश कुमार, रेखा देवी, मनोकामना देवी, रिना देवी, रिता देवी, शांति देवी, रिंकु देवी, शिवमाला देवी, सरिता देवी, रेणु देवी, सोनिया देवी, निलम देवी, प्रमिला देवी, जोगिन्द्र मांझी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# बिहपुरः युवा भारत आत्मनिर्भर भारत थीम पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** मारवाड़ी महाविद्यालय भागलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले राष्ट्रीय युवा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता में ( डॉ. ) शिव प्रसाद यादव के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विजय कुमार के नेतृत्व डॉ.शरदचंद्र राय,डॉ ब्रजभूषण तिवारी,डॉ.स्वस्तिका दास डॉ संजय कुमार जायसवाल ने दीप प्रज्वलित एवं लक्ष्य जीत के साथ कार्यक्रम का शुरूआत किया गया।



कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विजय कुमार ने छात्र-छात्राओं के बीच ₹युवा भारत आत्मनिर्भर भारत₹ थीम पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल के डॉ. स्वस्तिका दास ने प्रथम रोशन कुमार द्वितीय कुमारी काजल तृतीय अमन कुमार प्रतिभागियों का नाम घोषित किये।

ब्रजभूषण तिवारी ने बताया अगर हमें लक्ष्य की प्राप्ति करना है तो स्वामी विवेकानंद जी के मार्गदर्शन को अपनाना होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दलनायक मयंक झा, हरिओम कुमार,आशीष, दीपशिखा, रंजना, खुशी,वशिष्ठ साकेत,दिव्यांश, इत्यादि सभी ने भूमिका निभाया।

# उपायुक्त ने की पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहेबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, साहिबगंज अंतर्गत मेगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना की विस्तृत समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साहिबगंज मेगा वाटर सप्लाई स्कीम के तीनों पार्ट क्रमशः राजमहल मेगा रुरल वाटर सप्लाई स्कीम, बरहेट मेगा रूरल वॉटर सप्लाई स्कीम एवं साहिबगंज मेगा रूरल वाटर सप्लाई स्कीम को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।





- साहिबगंज मेगा जलापूर्ति योजना को ससमय पूरा कराएंः उपायुक्त

इसके साथ ही L&T के द्वारा पाइप बिछाने के क्रम में किए जा रहे रोड कटिंग का रेस्टोरेशन का कार्य जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया गया। तालझारी प्रखण्ड सम्पूर्ण आच्छादन ग्रामीण जलापूर्ति योजना को ससमय पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने का निदेश दिया गया। बोरियों प्रखण्ड सम्पूर्ण आच्छादन ग्रामीण जलापूर्ति योजना को ससमय पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने का निदेश दिया गया। मंडरो प्रखण्ड सम्पूर्ण आच्छादन ग्रामीण जलापूर्ति योजना को ससमय पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने का निदेश दिया गया। बरहेट बाजार एवं सन्निकट ग्राम ग्रामीण जलापूर्ति योजना को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना का संबंधित कनीय अभियंताओं के साथ उक्त योजना का स्थलीय निरीक्षण कर एक माह के अंदर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में शशि शेखर सिंह कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी , गौरव कुमार सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज,सभी कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज , बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना से संबंधित सभी संवेदक, राहुल कुमार जिला समन्वयक जल जीवन मिशन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गायघाट; सीएसपी संचालक गोलीकांड मामले में ताबड़तोड़ छापेमारी



दीपक कुमार

गायघाट थाना क्षेत्र के मकरंदपुरस्थित एसबीआइ के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) संचालक त्रिभूबन कुमार को गोली मारकर ज़ख्मी किये जाने के मामले में पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है. घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश जिस रास्ते की ओर भागे थे, उस इलाके में पुलिस ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. इसके अलावा तकनीकी सेल को भी जांच में लगाया गया है. हालांकि सोमवार तक पुलिस को कोई अहम सुराग नहीं मिला था. गायघाट की पुलिस टीम सीएसपी पहुंची. वहां घटनास्थल का वीडियोग्राफी किया. केंद्र अंदर पुलिस घुसकर जांच की. साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बेनिबाद समेत आसपास के थाना की पुलिस का सहयोग ले रही है. बताते चले कि बाइक पर सवार होकर आये तीन सशस्त्र बदमाशों ने सीएसपी संचालक को गोली मारी दी थी, जिसमें संचालक त्रिभुवन कुमार को सीने और हाथ में गोली लगी. वहीं, घटना की सूचना पर पहुंची गायघाट पुलिस ने मौके से खोखा भीं बरामद किया था। मामले में गायघाट थाना की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अपराधियों कि गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है. थाना प्रभारी उमाकांत सिंह ने बताया कि वैज्ञानिक अनुसंधान किया का रहा है। एसटीएफ और डीआई यू की टीम पूरे मामले मे करवाई में जुटी हुई है।

### कोहरे की वजह से सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग घायल,एक रेफर

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। थाना क्षेत्र के दुलरपुरा मोड़ के समीप बुधवार की शाम कोहरे की धुंध के कारण सड़क दुर्घटना में एक बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए।जिसे ग्रामीणों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. मो. गुलाम अनीस ने घायलों का प्राथमिक इलाज किया साथ ही गंभीर रूप से घायल रहे एक युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया। सड़क दुर्घटना में घायलों की पहचान हरदिया सेक्टर सी निवासी भगवान साव के पुत्र रतन कुमार गुप्ता एवं प्राणचक गांव निवासी अनिल प्रसाद के पुत्र दिलीप कुमार के रूप में हुई है। चिकित्सक ने बताया कि घायल दिलीप कुमार को हल्की–फुल्की चोटें आई है,जिसका इलाज कर जरूरी दवाइयां देकर घर भेज दिया है।वहीं घायल रतन कुमार गुप्ता के सिर में गम्भीर चोटें आई है। साथ ही पैर व चेहरे भी चोटिल है।चिकित्सक ने कहा कि घायल रतन कुमार गुप्ता की स्थिति थोड़ी गम्भीर है।इसलिए बेहोशी अवस्था में ऑक्सीजन लगाकर सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। घटना की खबर सुनते ही घायलो के परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया था।

### पत्रकार चांद बाबू को पितृ शोक, पत्रकारों ने शोक जताया, नमाजे जनाजा आज

समस्तीपुर। जिले के जानेमाने पत्रकार व वारिसनगर ब्लॉक के अंतर्गत सतमलपुर पंचायत के बड़ीबाग वार्ड संख्या 10 निवासी मो चांद बाबू के पिता मो मुख्तार 50 वर्ष का बुधवार को अहले सुबह निधन हो गया। पत्रकार के पिता कुछ दिनों से बीमार थे। और उनका इलाज चल रहा था। बुधवार की सुबह उन्होंने आखरी सांस ली। इधर उक्त खबर की आम होते ही पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। मरहूम के नमाजे जनाजा जुमेरात (वृहस्पतिवार) को बाद नमाज जोहर 2 बजे दिन में उनके आबाई गांव सतमलपुर में अदा की जाएगी। इधर पत्रकार के पिता के निधन होने पर शोक जताने वाले पत्रकारों में एम नईमुद्दीन आजाद, संजय राजा, विभूति कुमार, सैयद मंजर जमील, मो नसीम, आलोक कुमार, मो अफजल, चंदन कुमार, राजेश कुमार, ललन कुमार, कैसर खां, दिलीप कुमार कुंदन, यशवंत कुमार, चुन्नू कुमार, प्रमोद कुमार, मो कुद्दूस जैन के अलावा पूर्व जिला पार्षद वसीम राजा, सोएब आजम, बेलाल राजा, शंभू ठाकुर, तरमीम खान, मो समी, मो समीम, लाल बाबू, मो तनवीर, मो आजाद, मो रेयाज आदि का नाम शामिल है।

# जेएनवी में छठी कक्षा में नामांकन के लिए होने वाले चयन परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जेएनवी बिरौली के परिसर मैं कार्यक्रम आयोजित

## कदाचार रहित परीक्षा के संचालन में सहयोग करने की कि गई अपील

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर।** जेएनवी में 18 जनवरी को छठी कक्षा में नामांकन के लिए होने वाले चयन परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जेएनवी बिरौली के परिसर में एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुँचे सभी बीइओ और 29 परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति पहुँचे डीपीओ नरेंद्र कुमार सिंह, जेएनवी बिरौली के प्राचार्य टी एन शर्मा सहित अन्य अथितियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीपीओ नरेंद्र कुमार सिंह ने कहा की नवोदय विद्यालय के छठे वर्ग के नामांकन पंजीकरण में पिछले तीन वर्षों से समस्तीपुर जिला पूरे देश में अव्वल स्थान प्राप्त करता आ रहा हैं। इस कड़ी को टूटने नही देना हैं। उन्होंने कहा कि जेएनवी वर्ग 6 में ज्यादा से ज्यादा छात्रों का नामांकन हो इसको लेकर और अधिक पंजीकरण कराने की जरूरत हैं। ऐसा तभी होगा जब हम सभी लोग जी तोड़ मेहनत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जेएनवी बिरौली के प्राचार्य टीएन शर्मा ने सभी लोगों को बैठक के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी बीइओ तथा जिला शिक्षा विभाग को समस्तीपुर जिला को लगातार तीसरे वर्ष पंजीकरण में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि इस बार सभी अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय द्वारा ही प्रिंट किया गया है। उन्होंने सभी बीइओ से अपील किया की वे अभ्यर्थियों को ससमय प्रवेश पत्र दिलाना सुनिश्चित कराएं। जेएनवीएसटी परीक्षा प्रभारी ए के शर्मा ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तकनीकी पहलू पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी से कदाचार रहित परीक्षा के संचालन में सहयोग करने की अपील की। मंच संचालिका एवं परीक्षा प्रभारी किरण सिंह ने बताया कि समस्तीपुर जिला ने लगातार तीसरे वर्ष पूरे देश में 23440 पंजीकरण करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस कठिन कार्य को करने में नवोदय विद्यालय के क्लास 8 के छात्रों का भी अत्यंत सराहनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों ने स्वेक्षा से जिले के निर्धन छात्रों के फॉर्म को ऑनलाइन करने में अपना–अपना सहयोग दिया। उन्होंने बताया की इस वर्ष बिभुतीपुर प्रखंड 1456, समस्तीपुर 1693 तथा बिथान ने 2650 छात्रों के पंजीकरण को करके क्रमशः तीसरे, दूसरे तथा पहले स्थान को जिले में प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि सिंघिया प्रखंड ने पिछले साल की तुलना में सौ प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि कर एक कृतिमान स्थापित किया है। बैठक में सभी बीइओ को जेएनवी के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। धन्यवादज्ञापन विद्यालय के उपप्राचार्य आर एस झा ने किया। कार्यक्रम से पूर्व प्राचार्य टीएन शर्मा ने जहाँ मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। वही विद्यालय के छात्राओं ने भी अतिथियों के लिए स्वागत गान प्रस्तुत किए।

### भागलपुर के मंजूषा कला एवं विक्रमशिला महाविहार के जीणोद्धार को लेकर सांसद ने अपनी मांग रखी



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** नई दिल्ली में संसद की परिवहन, पर्यटन एवं संस्कृति संबंधी स्थाई संसदीय समिति के अध्यक्ष सह जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद आदरणीय श्री संजय कुमार झा की अध्यक्षता में समिति की बैठक हुई। जिसमें माननीय सांसद भागलपुर श्री अजय कुमार मंडल ने समिति के सदस्य के रूप में बैठक में भाग लिया। समिति की बैठक में संस्कृति एवं पांडुलिपियों से संबंधित मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई। स दौरान समिति के गणमान्य सदस्यों के साथ दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के तर्ज पर बिहार के सभी जिलों में केंद्रीय फण्ड से बिहार पब्लिक लाइब्रेरी की स्थापना, करने की मांग रखी,माननीय सांसद श्री अजय कुमार मंडल ने समिति की बैठक में भागलपुर के मंजूषा कला एवं विक्रमशिला महाविहार के जीर्णोद्धार की मांग के साथझसाथ क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों में विचार–विमर्श हुआ। एवं समिति के अध्यक्ष को पत्र भी सौंपा।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सॉल वितरित सॉल पाकर खिल उठे छात्राओं के चेहरे



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

**गायघाट।** प्रखंड क्षेत्र में जारंग स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को ठंड को लेकर सॉल वितरित किए गए। बुधवार दोपहर बाद विद्यालय में गायघाट राजद विधायक निरंजन राय द्वारा वितरित किए गए सॉल पाकर सभी छात्राओं के चेहरे खिल उठे।जारंग गांव में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सभी छात्राओं को विधायक निरंजन राय द्वारा सॉल वितरित किया गया। बुधवार को इस स्कूल सॉल वितरण में राजद के कई नेता भी मौजूद रहे।गौरतलब हो कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गायघाट सहित क्षेत्र की गरीब परिवार की प्रतिभाशाली छात्राएं शिक्षा प्राप्त करती हैं।सरकार द्वारा सारे शिक्षा सम्बन्धी सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। वहीं कई विभाग द्वारा इस विद्यालय की छात्राओं की समय समय पर आवश्यकता के अनुसार सामान वितरण किया जाता रहा है। इस अवसर पर राजद जिला प्रवक्ता अरविंद राय, प्रखंड प्रधान महासचिव राहुल यादव ,प्रखंड पंचायती राज प्रधान महासचिव धर्मेंद्र यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष नवीन कुमार ,पंचायत अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राय,राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

### चूड़ा–दही के साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारी शुरू इस कार्यक्रम में 20 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें राजद सहित इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगेः राजीव रंजन

लोकतंत्र की आवाज़



**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर विधानसभा के नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भइया द्वारा 12 जनवरी को जगदीशपुर प्रखंड के केसरी गांव में सामाजिक समरसता दही–चूड़ा भोज और सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारियां पूरी गति से चल रही हैं। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस कार्यक्रम में 20 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें राजद सहित इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे। इसके अलावा, भोजपुरी के कई कलाकार भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। राजीव रंजन ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है और लोगों से अपील की जा रही है कि वे कार्यक्रम में शामिल होकर इसकी सफलता में योगदान करें। कार्यक्रम स्थल पर विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा 2025 में राजद की सरकार बनने पर किए गए घोषणाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, जिनमें माई–बहिन मान योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री देने और लाखों युवाओं के रोजगार देने जैसी घोषणाएं शामिल हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से 2025 में तेजस्वी प्रसाद यादव को बिहार के मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्प लिया जाएगा। इसके अलावा, गांव–गांव में उनके द्वारा की गई घोषणाओं को लोगों को बताने का कार्य भी किया जाएगा। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में गोरख यादव, हरेन्द्र यादव, साबिर अंसारी, मदन साह, रंजन यादव, गोविंद यादव, रजनीश ठाकुर, उमेश यादव, विनोद सिंह, विजय कुमार सिंह ,राजू यादव, उमेश कुशवाहा,नीतीश रविदास, लालू कुशवाहा,ललन पासवान, और मुन्ना कुशवाहा सहित अन्य लगे हुए है।

### सांसद औरंगाबाद ने नवीनगर एनटीपीसी मे लोकल लोगो की बहाली की मांग उठाई एनटीपीसी मे हुए भ्रष्टाचार की आवाज़ उठाई : सांसद अभय कुशवाहा

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** कोच्चि में आयोजित ऊर्जा कमिटी की बैठक में माननीय सांसद सह नेता राजद संसदीय दल श्री अभय कुशवाहा जी औरंगाबाद जिले के नबीनगर एनटीपीसी में भारी भ्रष्टाचार पर एवं स्थानीय बेरोज़गार युवकों को बहाली में प्राथमिकता देने पर सुझाव देते हुए कहना चाहुगा यह बहुत अहम चीज है डिजल, पेट्रोल,गैस, और उर्जा चार ऐसे श्रेत्र है इसमें अंकुश नही लगायेगे तो महंगाई इतना बढेगा अंकुश फिर नही लग सकती है। सांसद ने कहा किनवीनगर एनटीपीसी के बारे में अखबार देखा गया था बहुत बढा घोटला हुआ था समाचारपत्र में प्रकाशित था। एनटीपीसी एसी संस्था मे घोटाला होना उचित नही है।सरकार के वैकसी के लोगों भर्ती के उस जिले के बच्चों को देना का सुझाव दिया है सांसद अभय कुशवाहा ने दिए हैं।आप ऐसा उपाय लगाए की इसचारो चिज में देश वासियों को सस्ता उपलब्ध करा सके,हमारा मानना है ससते इधन की उपलब्धता करा सके,शहरी क्षेत्रों मे पुर्ण रुप लाइन बिहार में पुरी तरह से नही किया गया है। एनटीपीसी लिमिटेड बिहार 5500 करोड़ की योजना लगाई जाएगी और इसकी समय सिमा क्या होगी इसपर औरंगाबाद सांसद ने कहा कि हम जानना चाहेगे, बीपीसीएल चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए वही आइओसीएल दस हजार के आस पास चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। दोनो में इतना अंतर क्यों है।बीपीसीएल को क्या लक्ष्य दिया गया था उपलब्ध कराना चाहेंगे, आग्रह करना चाहेगे उज्वला योजना सारे लोग लिस्टेड है घर तक पहुच नही पाती है।

### रजौली : ठंड से बेहोश हुए शिक्षक,सीढ़ी पर लुढ़कने से सहकर्मी ने बचाई जान

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से ठंड का प्रकोप बढ़ा हुआ है।क्षेत्र में सुबह से कोहरा व पाला गिरने से लोग स्तब्यस्त है। इन परिस्थितियों में भी शिक्षक व शिक्षिकाएं छात्र–छात्राओं के पढ़ाने में जुटे हुए हैं। बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र के धामुचक गांव के उत्क्रमित उच्च विद्यालय के एक शिक्षक को ठंड लगने से वे बेहोश होकर सीढ़ियों पर लुढ़कने लगे,जिसे पीछे रहे सहकर्मी शिक्षकों ने गिरने से बचाया।विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कुमारी अनिता सिन्हा ने बताई कि प्रत्येक दिनों की भांति विद्यालय में शिक्षण कार्य चल रहे थे।इसी बीच लंच के समय विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार सीढ़ी पर चढ़कर विद्यालय के पहले तल पर जा ही रहे थे।तभी उन्हें चक्कर आने लगा और वे सीढ़ियों पर लड़खड़ाकर गिरने ही वाले थे कि पीछे सहकर्मी शिक्षकों ने सहारा देकर उन्हें गिरने से बचाया। वही बेहोश शिक्षक को विद्यालय कार्यालय में लगे बेंच पर लिटाकर हाथ–पैर रगड़ने लगे।कुछ समय बाद जब शिक्षक विजय कुमार को होश आया, तो उन्होंने कहा कि लगता है मुझे ठंड लग गया है और कमजोरी जैसा लग रहा है।प्रधानाध्यापिका के निर्देश पर रसोईया दीदियों के सहयोग से मालिश किया गया तब जाकर पीड़ित शिक्षक को राहत मिली और उसकी जान बच पाई।प्रधानाध्यापिका ने बताई कि उनके विद्यालय में कुल 15 शिक्षक–शिक्षिकाएं हैं,उनमें शिक्षक विजय कुमार की उम्र महज 30 वर्ष है,जो ठंड का शिकार हो गए।

### हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाए जाने को लेकर एसडीओ ने की बैठक,लोगों से मांगा गया सुझाव

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** अनुमण्डल कार्यालय के सभागार में बुधवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के नेतृत्व में गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर स्थानीय पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों के साथ बैठक की गई।इस दौरान एलआरडीसी प्रमोद कुमार,बीडीओ संजीव झा,सीओ मो. गुफरान मजहरी एवं नगर पंचायत के लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार भी मौजूद रहे।बैठक में रजौली अनुमण्डल समेत मुख्यालय स्थित विभिन्न कार्यालयों व विद्यालयों में झंडोत्तोलन को लेकर चर्चा किया गया।साथ ही राष्ट्रीय गान,संयुक्त परेड,राष्ट्रीय ध्वज की सलामी,सुरक्षा,पुलिस वाहन निरीक्षण,प्रभात फेरी,वाच्य व पेंटिंग प्रतियोगिता,पुरस्कार वितरण,उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान देना,फैंसी क्रिकेट,महादलित टोलों में झंडोत्तोलन एवं कार्यक्रम के उद्घोषक समेत अन्य जरूरी मुद्दों पर चर्चा किया गया।साथ ही पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की चर्चा किया गया।वहीं गणतंत्र दिवस को लेकर आगामी 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे पुनः एक समीक्षात्मक बैठक किया जाएगा।इस मौके पर जदयू नेता संजय कुमार वर्मा,नवशीष साव,सन्दीप कुमार,कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रामरतन गिरी,पूर्व प्रधानाध्यापक बालकृष्ण यादव व अनिल कुमार के अलावे अन्य दर्जनों गणमान्य लोग शामिल थे।

### समस्तीपुर 13 जनवरी को जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता नीतीश कुमार को काला झंडा दिखाने की तैयारी में

लोकतंत्र की आवाज




**समस्तीपुर।** बुधवार को जन सुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रमणि प्रसाद सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया कर्मियों को बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर को बीते दिन गिरफ्तार करने को घोर अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि बीपीएससी के छात्रों का समर्थन करना या उसके लिए आवाज बुलंद करना क्या अन्याय है। उन्होंने बताया कि जन सुराज पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर अभी आईसीयू में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे नेता अस्पताल में भी अनशन किए हुए हैं और दिन प्रतिदिन उनका हालत बिगड़ता जा रहा है। इधर उप मेयर राम बालक पासवान ने बताया कि जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर लगातार सत्याग्रह पर छः दिनों तक रहे उसके बाद उनकी गिरफ्तारी हुई इसकी घोर निंदा करते हैं, उन्होंने बताया कि प्रशांत जी गंभीर स्थिति में हैं और उनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि उस अस्पताल में अपने संकल्प को लेकर अनशन जारी रखे हुए हैं। वही पूर्व जिला पार्षद वसीम राजा ने मीडिया कर्मियों को बताया कि बीपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर छात्रों के समस्या को लेकर प्रशांत किशोर ने अपना आवाज उठाया और उनका साथ दिया तो उनके साथ बिहार सरकार की पुलिस ने बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज किया तथा उनके साथ बदसलूकी की। उन्होंने कहा कि आगामी 13 जनवरी को समस्तीपुर जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगमन है। उन्होंने कहा कि जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता उन्हें काला झंडा दिखाने का काम करेगी। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष चंद्रमणि प्रसाद सिंह, जन सुराज पार्टी के राज्य अभियान समिति सदस्य वसीम राजा, उप मेयर राम बालक पासवान, महिला सेल की जिला अध्यक्ष रीना देवी, राज कपूर सिंह, विजय कुमार, निरंजन ठाकुर, ओम प्रकाश, डॉ गोविंद कुमार आदि मौजूद थे।

